हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 स्वच्छ मेव जयते के रूप में कलेक्टर की स्वच्छता...



09 गांधीगांव में फायरिंग, विधायक के साथ...



## खबर संक्षेप

### दो माह में 19वां सीताराम नाम लेखन पूर्ण किया

**सागर।** हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक में सायं 5 बजे 19वां सवा करोड सीताराम नाम लेखन जप की जमा हुई पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ की गिनती की गई। जिसमे दो माह में लेखन प्रेमियो के द्वारा 600 पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ को जमा किया है जो एक करोड 27 लाख लेखन हुआ। उक्त जानकारी देते हुये सीताराम नाम बैंक के सहव्यावस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि 19वा सवा करोड लेखन जप श्रद्धालुओ के द्वारा 26 जुलाई को प्रारम्भ किया था। द्विवेदी ने बताया कि श्री सीताराम नाम लेखन की शुरुआत अप्रैल 2012 में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन जी की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से भक्तो के द्वारा की गई जो विगत 13वर्षा से लेखन जप का कार्य अनवरत जारी है। द्विवेदी ने आगे बताया कि गुरुवार 25 सितम्बर से ही 20वाँ सवा करोड सीताराम नाम लेखन का कार्य भक्तो के द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ की गिनती के अवसर पर मन्दिर के पुजारी एवं बैंक मैनेजर पं गोपालदास शर्मा, नमन द्विवेदी, रामरतन तिवारी, बलराम सेन, हाकम सिंह ठाकुर, अखिलेश शुक्ला, अजय खरे, अरविन्द चौबे आदि उपस्तिथ रहे।

### निःशुल्क नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** रंगसाधक थियेटर ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला वात्सल्य स्कूल प्रांगण में 25 से 27 सितंबर शाम 5 से 8 बजे तक, कार्यशाला निदेशक मनोज सोनी, आमंत्रित प्रशिक्षक ऋचा तिवारी (एमपीएसडी), आकाश विश्वकर्मा (एमपीएसडी) एवं राहुल सेन (बीएनए) होंगे। वर्कशॉप में शामिल चुनिंदा प्रतिभागियों को ग्रुप की अगली प्रस्तुतियों में काम करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतिभागी 8839624414 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं, प्रतिभागियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं रखी गई है।

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

### स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी।

## कार्यकर्ता दिवस गोष्ठी में मुख्यमंत्री ने प्रकृति, संस्कृति और सेवा के आदर्शों को बताया जीवन का मूलमंत्र

# हस्ती मिटती नहीं मिटाने से हमारी सनातन संस्कृति, जियो और जीने दो के भाव से जीवन जीना ही हमारी पहचान हैः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



महाकवि पद्माकर सभागार, मोतीनगर चौराहा, सागर में आज भारतीय जनता पार्टी जिला सागर एवं सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता दिवस गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन से की। मंच पर उन्होंने कन्या पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा "हमारी संस्कृति प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीने की प्रेरणा देती है। हमारी परम्पराएं सनातन संस्कृति की हैं, जिसका कभी अंत नहीं होगा। हम वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव को जीवन में धारण करते हैं।" उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्मबोध दर्शन हमें सिखाता है कि जैसे हमारे प्राण हैं, वैसे ही पेड़-पौधे, जल, वायु और प्रकृति के हर घटक में जीवन है। यही कारण है कि हमारे देश में पर्व-त्योहार भी प्रकृति की पूजा से जुड़े हुए हैं। डॉ. यादव ने कहा "हस्ती मिटती नहीं मिटाने से, यह हमारी सनातन संस्कृति है। हम जियो और जीने दो के मूल सिद्धांत पर चलते हुए जीवन और प्रकृति में संतुलन बनाते हैं।"

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज 85 करोड़ लोगों को भोजन की व्यवस्था दी जा रही है। यह सेवा ही सच्चे अर्थों में प्रकृति और मानवता की सेवा है। मुख्यमंत्री ने जीवन के सूक्ष्म और बाह्य शरीर, पंचभूतों, चेतना और समाज में सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों से लेकर साधु-संतों तक सभी की परंपराएं प्रकृति से जुड़ी रही हैं और यही सनातन संस्कृति का आधार है।

सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यकर्ता दिवस गोष्ठी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए नवचेतना और ऊर्जा का संचार करने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सागर में एक वाचनालय (लाइब्रेरी) का निर्माण कराया जाए, जहाँ पं. दीनदयाल जी सहित महान विभूतियों से जुड़े प्रेरणादायी साहित्य उपलब्ध हो। इस साहित्य से युवा पीढ़ी प्रेरित होकर आगे बढ़ सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक जैन की इस मांग को तुरंत स्वीकार करते हुए घोषणा की कि "प्रत्येक संभाग, जिला और नगर स्तर पर गीता भवन निर्माण कराने का संकल्प लिया गया है। सागर में भी हम इसी भाव से वाचनालय का निर्माण कराएंगे।"

विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह घोषणा निश्चित रूप से सागर की युवा पीढ़ी को नए आयाम देगी।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि प्रदेश के मुखिया आज हमारे बीच हैं। वे मुख्यमंत्री से पहले एक समर्पित कार्यकर्ता हैं और हमेशा कार्यकर्ताओं के बीच रहते हैं। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी का विचार था "दरिद्र नारायण की सेवा ही सच्ची नारायण सेवा है।" इसी ध्येय वाक्य को चरितार्थ कर हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सुविधाएँ पहुँचा रही है।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में खाद्य आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री व प्रभारी विधायक गोपाल भार्गव, सांसद लता वानखेड़े, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया,बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, भाजपा संभागीय प्रभारी मुकेश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा उपस्थित रहे।



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**गढ़ाकोटा।** सेवा पखवाड़ा की अंतर्गत पंडित दीनदयाल जयंती उपलक्ष्य में गढ़ाकोटा के ऑडिटोरियम में आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं पं. गोपाल भार्गव की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के पथप्रदर्शक भारतीय राजनीति में अंत्योदय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती एवं सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला सागर ग्रामीण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी एवं पटेरिया स्थित पार्क में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की एवं अतिथि द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। संगोष्ठी में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद एवं आत्मनिर्भर भारत हेतु स्वदेशी के महत्व पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया, बण्डा विधायक वीरेंद्र सिंह लम्बरदार, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, पं. अभिषेक भार्गव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहर सिंह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिनारायण पटेल, सुरेश कपस्या, संतोष पटेल जिला पदाधिकारी एवं मण्डल पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि,पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विश्वविद्यालय : शोधार्थी अरुणिमा अग्रवाल को वाणिज्य विषय में मिली पीएचडी की उपाधि

**सागर ।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के वाणिज्य विभाग की शोधार्थी अरुणिमा अग्रवाल ने ₹दीनदयाल अंत्योदय योजना का एक मूल्यांकनः राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) मध्य प्रदेश के सागर जिले के विशेष संदर्भ में₹ शीर्षक में अपनी पीएचडी की उपाधि पूर्ण की । दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण गरीबी उन्मूलन और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु भारत सरकार की प्रमुख योजना है। यह अध्ययन सागर जिले में इसके क्रियान्वयन और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करता है, जिसमें महिला स्व-सहायता समूहों, प्रशिक्षण, आय वृद्धि और चुनौतियों का विश्लेषण किया गया है। जिसमें ग्रामीण विकास में सुधार, महिला सशक्तिकरण में वृद्धि तथा गरीबी हटाने व कम करने हेतु सुझाव दिए गए हैं I शोधार्थी को आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा फेलोशिप भी प्रदान की जा रही थी। शोधार्थी अरुणिमा अग्रवाल ने डॉ० पुष्पा सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में यह कार्य सम्पन्न किया । इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डी. के. नेमा सहित विभाग के समस्त शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने बधाई एवं शुभकामानाएं दी ।

## महादेवी पद्मावती माता की आराधना को बुंदेलखण्ड से श्री णमोकार तीर्थ पहुंच रहे हैं हज़ारों श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



महाराष्ट्र प्रदेश के चांदवड जिले में स्थित अतिशय क्षेत्र श्री णमोकार तीर्थ क्षेत्र में नवरात्री पर्व पर बुंदेलखण्ड गुरु भक्त परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुरुप आयोजित दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव 02 अक्टूबर तक चलेगा। नवरात्रि महोत्सव बुंदेलखण्ड गौरव णमोकार तीर्थ प्रणेता परम पूज्य प्रज्ञाश्रमण सरस्वताचार्य सर्वोदयी राष्ट्र संत 108 आचार्य श्री देवनन्दी जी महाराज के ससंघ सान्निध्य व बा.ब्र.वैशाली दीदी,बा.ब्र.अक्षय भैया एवं विधानाचार्य पं. दयाचंद जैन, अमरकंटक के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है अनुष्ठान हेतु संगीतकार राहुल पडेले है।

नवरात्रि के पवित्र सर्वसिद्धि अनुष्ठान में माँ भगवती राज राजेश्वरी, णमोकार तीर्थ वासिनी, सर्व फलदायिनी, महादेवी श्री पद्मावती माता की भक्तिमय साधना की जाती है जिसमें प्रतिदिन प्रातः काल जिन अभिषेक,शांति धारा, पूजन श्रृंगार दोपहर में विशेष अनुष्ठान व प्रवचन एवं रात्री कालीन आरती, हवन एवं अन्य मांगलिक क्रियाओं के साथ पूर्ण भक्ति भाव से माता की आराधना होती है। आयोजन में प्रमुखता से बुंदेलखण्ड के सागर जिले सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र प्रांत के श्रद्घालु शामिल होते है। आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन बंडा ने बताया कि दस दिवसीय अनुष्ठान में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सागर निवासी मुकेश जैन सुनीता जैन श्रीकांत जैन भाजपा मीडिया प्रभारी परिवार को प्राप्त हुआ है। अनुष्ठान में प्रतिदिन हज़ारों लोग शामिल होकर माँ पद्मावती की आराधना करते हैं।

दस दिवसीय अनुष्ठान में संतोष काला नांदेड़ विपिन जैन, रविकांत जैन, जय कुमार जैन जिनेन्द्र जैन, डॉ.दीपक जैन राहुल पडेले राजेश जैन रजनीश जैन, राकेश जैन, राजेश जैन,मनीष जैन रहली,राजेश जैन रहली,आशीष जैन निशंक सागर सेवाएं प्रदान कर रहें हैं। आयोजन हेतु सभी बुंदेलखण्ड गुरुभक्त परिवार के सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।



### मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं को किया नजरबंद

**सागर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सागर नगर आगमन के पूर्व ही शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, ब्लाक अध्यक्ष नितिन पचौरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप गुप्ता, प्रवीण यादव, कट्टू शुक्ला, यश कटारे आदि को घर से थाने तक पैदल लाकर थाने मे नजरबंद कर दिया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि अंग्रेजों और मुगलो के शासन में ही इस तरह की तानाशाही नही हुई जैसी इस भाजपा के राज मे चल रही है। विपक्ष को अपनी बात कहने का कोई अधिकार ही नही रहा। प्रदेश की मूलभूत समस्याओं की बात करना और जनता से जुडे मुद्दे उठाने का अधिकार भी भाजपा सरकार झीन रही है।



### मुख्यमंत्री का जैसीनगर हेलीपैड पर हुआ स्वागत

**सागर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जैसीनगर हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया गया। वे भोपाल से हैलीकॉप्टर द्वारा जैसीनगर पहुंचे। हैलीपेड पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सागर सांसद लता वानखेड़े सहित अन्य विशिष्टजनों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बीना विधायक निर्मला सप्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, श्याम तिवारी, गौरव सिरोठिया, पूर्व विधायक नारायण प्रसाद कबीरपंथी, राजेंद्र सिंह मोकलपुर, अरुणोदय चौबे, पारुल साहू, अभय दरे, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी विकास शाहवाल, सीईओ जिला पंचायत विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम डॉ. यादव ने जैसीनगर में किया पौधरोपण

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अपने जैसीनगर प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जैसे ही मुख्यमंत्री जैसीनगर पहुंचे, उन्होंने सबसे पहले सेवा पखवाड़ा की भावना के अनुरूप एक पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



### जैसीनगर को नगर परिषद बनाने की घोषणा की

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सागर जिले के जैसीनगर में आयोजित अन्न सुरक्षा संकल्प जागरूकता कार्यक्रम में सागर जिले में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जैसीनगर को नगर परिषद बनाने, जैसीनगर का नाम जैसीनगर से बदलकर जयशिवनगर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सागर जिले में बेवस नदी परियोजना की स्वीकृति की घोषणा की, वहीं जैसीनगर में महाविद्यालय के अधूरे कार्य को पूर्ण कर उसका नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर रखने की घोषणा की। वही जैसीनगर में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल बनाने की घोषणा की।

## हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत 'हिंदी यूनीकोडः परिचय एवं प्रयोग' विषय पर कार्यशाला संपन्न

# भाषाओं के एकीकरण के लिए आवश्यक तकनीकी है यूनीकोडः डॉ. चौरसिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से 14-26 सितम्बर को आयोजित हिन्दी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'हिंदी यूनीकोडः परिचय एवं प्रयोग' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक विश्वाविद्यालय के संयुक्तक कुलसचिव एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने प्रतिभागियों को राजभाषा कार्यान्वयन तथा दैनन्दिन कार्यालयीन कामकाज में हिंदी यूनीकोड के प्रयोग को आवश्यक एवं सुविधाजनक बताया। उन्होंने बताया कि हिंदी के प्रचलित फांट जैसे- क्रुतिदेव, डेविलस आदि सिस्टम स्पेसिफिक होते हैं। यदि आपके कंप्यूटर सिस्टम में वह फांट उपलब्ध नहीं है तो सामग्री अपठनीय हो जायेगी। इस असुविधा से बचने के लिए यूनीकोड का प्रयोग आवश्यक है।

विषय-विशेषज्ञ एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रणाली विश्लेषक रूपेन्द्र चौरसिया ने बताया कि यूनीकोड न तो कोई फांट है और ना ही टंकण टूल। वस्तुतः यह एक तकनीकी है जिसमें विश्वस्तर पर प्रचलित प्रत्येक लिपि की वर्णमाला के अक्षर को चार अंकों का यूनिक कोड प्रदान किया गया है। इस प्रकार यह भाषाओं के एकीकरण के लिए भी बहुत उपयोगी साबित होती है।

विश्वविद्यालय के नेटवर्किंग प्रशासक सचिन सिंह गौतम ने प्रयोगात्मक सत्र में विश्वतविद्यालय में प्रचलित ई-गवर्नेंस माड्यूल्स में हिन्दी के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की। सत्र को रोचक एवं संवादात्मक बनाते हुए उन्हों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का दैनन्दिन कार्यालयीन कामकाज से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से निराकरण किया।

कार्यशाला में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मोहन टी.ए., सहायक कुलसचिव ए.लक्ष्मी, ममता त्रिपाठी, अनुभाग अधिकारी रजनीश जैन एवं रोहित रघुवंशी तथा अजब सिंह, देवेन्द्र सिलार, श्याम सेन, राजाराम चटर्जी, हर्ष शांडिल्य, रघुराज सिंह ठाकुर, रामाशीष श्रीवास्तव, मनोज कावड़े, शुभम साहू, अनस खान, अमन जैन, निशांत सोनी, आदित्य बरमैया, अमित कनौजिया, ब्रजेश साहू, रितु ठाकुर, अभिनव अग्निहोत्री, सचिन पटवा, अंकित जैन, प्रभांशु तिवारी, आकाश दुबे, प्रवीण साहू, ओम सैनी, आदित्य तिवारी, आयुष सोनी, शशि श्रीवास्तव, मनीष गौतम, अभिनय श्रोती, अदिति उपाध्याय एवं साकेत दुबे सहित विश्वविद्यालय के विभिन्नय विभागों एवं अनुभागों में कार्यरत 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया विशेष सहयोग विनोद रजक एवं सूचना वैज्ञानिक दयानंदप्पा कोरी का रहा।

कार्यशाला के प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र का वितरण हिन्दी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत 26 सितम्बर को मध्याह्न 12:00 बजे से गौर समिति कक्ष में आयोजित 'पुरस्का्र वितरण एवं समापन समारोह' में किया जायेगा।



### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान शिविर

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आज दिनांक 25 9 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 7 एमपी गर्ल्स बटालियन सागर एवं 11 एमपी बॉयज बटालियन सागर के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार एवं डॉक्टर जय नारायण यादव द्वारा प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा रक्तदान करके समाज को दूसरों के लिए जीवन जीने कि कल का संदेश दिया गया। जिला चिकित्सालय सागर की रक्तदान टीम के द्वारा इच्छुक क्रेडिट का एक यूनिट रक्त लिया गया जो चिकित्सालय के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा आवश्यकता अनुसार जब किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होगी तब ब्लड बैंक द्वारा यह रक्त प्रदान किया जाता है इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता मैडम द्वारा कैडेट्स को रक्तदान करके अपने जीवन को दूसरों के लिए समर्पित करने का संदेश दिया गया महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कैडेट द्वारा भी रक्तदान किया गया डॉक्टर अमर कुमार जैन डॉक्टर संगीता मुखर्जी डॉक्टर अभिलाषा जैन डॉक्टर प्रतिभा जैन द्वारा इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग एवं सहभागिता प्रदान की गई।

एक दिन, एक घंटा, एक साथ, की गूंज हुई गुंजायमान, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, छात्रों ने की सहभागिता

# स्वच्छ मेव जयते के रूप में कलेक्टर की स्वच्छता जनआंदोलन की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में टीकमगढ़ नगर और जिले के ग्रामीण अंचलों में अभूतपूर्व स्वच्छता जन आंदोलन देखने को मिला। नगर के चिन्हित 20 से अधिक गंदगी वाले स्थलों पर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवीयो, छात्र छात्राओं व आमजनता और ग्राम पंचायतों में हजारों लोगों ने एक साथ एक दिन, एक घंटा स्वेच्छा से स्वच्छता श्रमदान कर मिसाल पेश की है। इस दौरान चिन्हित गंदगी बाली जगहों पर एक साथ साफ सफाई की गईं। साथ ही स्वच्छता का संकल्प भी लिया गया। इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिये कई दिनों तक प्रयास किये गये। लॉक को जागरूक किया गया। तब इस सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जा सका।

### स्वच्छमेव जयते का स्लोगन देते हुए भरा लोगो में जोश

सत्यमेव जयते की तर्ज पर कलेक्टर विबेक श्रोत्रिय ने स्वयं जमीन पर उतरकर प्रयास करते हुए 25 सितंबर को जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान को स्वच्छमेव जयते का स्लोगन देते हुए स्वच्छता जन आंदोलन बना दिया। जिसमें शासन, प्रशासन, समाजसेवी, संगठनो, जनप्रतिनिधियों व छात्र छात्राओं समेत आमजनों के माध्यम से स्वच्छता जन आंदोलन के तहत चिन्हित 20 स्थानो को एक साथ साफ किया गया। जिसमें सामजिक संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधि के साथ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वयं साफ सफाई की। स्वच्छता अभियान में नगर पालिका सीएमओ ओम प्रकाश भदोरिया का भी अथक प्रयास रहा।





### केंद्रीय मंत्री, जनप्रतिनिधि और कलेक्टर बने श्रमदान के सहभागी



नगर में हुए इस ऐतिहासिक श्रमदान में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठन, एनजीओ, व्यापारी संघ, विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह अभियान जिले के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। जहां नगर में मंत्री, कलेक्टर से लेकर व्यापारी और छात्र एक साथ सफाई करते दिखे, वहीं गांवों में पंचायत से लेकर ग्रामीण तक एक स्वर में स्वच्छता के संकल्प से जुड़े। गांधी जयंती तक चलने वाले इस अभियान ने यह साफ कर दिया है कि यदि समाज और प्रशासन मिलकर आगे आएं तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं।

### स्वच्छ शहर केवल प्रशासन की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी

स्वच्छता जन आंदोलन अभियान के इस मौके पर लोगों ने सिर्फ श्रमदान ही नहीं किया बल्कि नगरवासियों को यह संदेश भी दिया कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन का नहीं बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सीटीयू पॉइंट चिन्हित किए गए थे। इनमें सीटीयू 20 कमल सेतु पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल तथा सीटीयू 17 महेंद्र कूप पर रेडक्रॉस सोसाइटी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण यह रहा कि मंत्री, नेता, समाजसेवी, आमजनों के साथ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय भी झाड़ू लेकर श्रमदान करते दिखाई दिए। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के इस अभियान में सक्रिय प्रयासों की सराहना हर ओर की गई।

### ग्राम पंचायतों में भी गूंजा संदेश: स्वच्छ गांव से ही बनेगा स्वच्छ भारत

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान चला। जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह ने जनपद टीकमगढ़ की अनंतपुरा और तखा पंचायतों में स्वयं श्रमदान किया और ग्रामीणों को संदेश दिया कि सफाई सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। जब गांव का हर नागरिक अपने घर, गली और मोहल्ले की सफाई में हाथ बंटाएगा, तभी गांव स्वच्छ और सुंदर बन सकेंगे। ग्रामवासियों की मांग पर उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही अनंतपुरा और तखा पंचायत में घर-घर से कचरा संग्रहण हेतु साझा वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। इस श्रमदान में जिला समन्वयक मनीष जैन, सरपंच अनंतपुरा कमलेश अहिरवार, सरपंच तखा गनेशी अहिरवार, सचिव, पीसीओ, एडीईओ और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

हाट बाजार से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा

## नगर को स्वच्छ रखने में सभी लोग निभाएं सहभागिता: पवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

स्वच्छता सेवा पखवाड़े की शुरुआत गुरुवार को नगर के स्थानीय हाट बाजार से की गई। अभियान में सुबह से ही सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय और शासकीय मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। हाट बाजार से रैली के रूप में निकले छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए शासकीय मॉडल स्कूल प्रांगण से होते हुए रामराजा स्टेडियम ग्राउंड में साफ-सफाई की। जानकारी के अनुसार, यह अभियान लगातार 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में शामिल भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखना सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा जब आमजन पूरी तरह से जागरूक और संकल्पित होकर इसमें भागीदारी निभाएंगे। स्वच्छ वातावरण से न केवल नगर सुंदर बनेगा बल्कि लोग कई बीमारियों से भी बच सकेंगे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार, सीएमओ शिवी उपाध्याय, प्राचार्य महेश रावत, प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### युवाओं को नशे की लत लगाने की शिकायत की

**विदिशा।** रॉयल सिटी कॉलोनी में अवैध नशे के कारोबार की शिकायत सामने आई है। कॉलोनीवासी राजीव वर्मा ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि हेमंत राजपूत नामक व्यक्ति लंबे समय से कॉलोनी में आपराधिक गतिविधियां संचालित कर रहा है। प्रार्थी का कहना है कि वह आए दिन कॉलोनीवासियों से विवाद करता है। गाली-गलौच करता है और युवाओं को नशे की लत लगाने का प्रयास करता है। कुछ समय पूर्व उसने प्रार्थी के घर में घुसकर मारपीट भी की थी। जिसकी शिकायत पुलिस से लेकर कमिश्नर तक की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई न होने से उसके हौसले और बढ़ गए हैं। वह झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

5 अक्टूबर को दोबारा होगी मीटिंग

## बस ऑपरेटर एसोसिएशन की बैठक अव्यवस्थाओं पर जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नए बस स्टैंड पर गुरुवार को बस ऑपरेटर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन संगठन के सचिव प्रणव जायसवाल गुड्डू भैया ने किया। इसमें बस स्टैंड पर फैली अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर चर्चा हुई। ऑपरेटरों ने निर्णय लिया कि स्टैंड परिसर में जगह-जगह बने गड्ढों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। बस स्टैंड के बाहर टैक्सी चालकों से आए दिन होने वाले विवाद और ट्रैफिक जाम की स्थिति पर भी चिंता जताई गई। सदस्यों ने बताया कि दिन-रात बढ़ते अपराध, चोरी और मारपीट की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में यह तय किया गया कि इन मुद्दों को लेकर आगामी 5 अक्टूबर को दोबारा बैठक होगी। इसके बाद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगरीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अनीश खान, वीरू गुप्ता, बशीर खान, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, पप्पू जायसवाल, अमजद अली मिंकु, अखिलेश खरे, प्रणय जायसवाल, पप्पू तिवारी सहित बड़ी संख्या में बस ऑपरेटर मौजूद रहे।

समूहों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत, गायन प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया सम्मानित


## संगम संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा में महिलाओं ने दिखाया अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित संगम संकुल स्तरीय संगठन, पलेरा की वार्षिक आमसभा का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा एव कल्पना राजपूत शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर हजारों परिवार समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप लखपति बनने, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने और एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। संगठन की अध्यक्ष माधुरी तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संगठन 18 ग्राम पंचायतों के 35 ग्रामों में सक्रिय है और अब तक 34 ग्राम संगठनों में गठित 446 स्वयं सहायता समूहों को चक्रीय राशि, बैंक क्रेडिट लिंकेज, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण आदि के माध्यम से गरीबी से लड़ने और आजीविका के नए साधन विकसित करने में सहयोग दिया जा रहा है। संगठन की मैनेजर अंगूरी अहिरवार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष सुशीला अहिरवार ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में सफलता की कहानी एवं जागरूकता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान सुशीला अहिरवार एवं रेखा राय द्वितीय स्थान रानी बरार एवं विमला अहिरवार, तृतीय स्थान रामबाई अहिरवार, अंगूरी अहिरवार एवं माधुरी तिवारी रहीं। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अशर्फी बानो, साधना यादव, अंजू सिंह, आजीविका मिशन से मनोज जैन, रोहिणी पांडे, नरेंद्र दुबे, देशराज अहिरवार, राजेंद्र शर्मा, दिनेश रैकवार समेत बड़ी संख्या में समूहों की प्रतिनिधि महिलाएं मौजूद रहीं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धांजलि के साथ मनाई



**पलेरा।** बीते गुरुवार को स्थानीय विश्रामगृह में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि उपाध्याय का जीवन आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनका अंत्योदय सिद्धांत समाज के कमजोर वर्ग तक सशक्तिकरण और विकास का मार्ग दिखाता है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पंडित उपाध्याय के सपनों को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। वहीं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश नायक ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में पूरी निष्ठा से काम करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का निर्णय लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, नेता सुनील खटीक, राजेश नायक, हरसेवक राजपूत, श्रीमती कल्पना राजपूत, अशर्फी खान, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा, अवध नापित, तेज खान, राज दमेले सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अभद्र व्यवहार व शोषण के आरोपों की जांच, शिक्षा विभाग की पहुंची 3 सदस्यीय जांच टीम


## सागर जांच टीम को आता देख कार्यालय छोड़ भागे डीईओ साहब


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ हनुमत सिंह चौहान पर गंभीर आरोपों की गूंज विभाग के बरिष्ठ कार्यालय तक पहुंच चुकी है। जिसके चलते आरोपों की जांच करने सागर से 3 सदस्यीय जांच दल शिक्षा बिभाग के डीईओ कार्यालय पहुंचा। लेकिन उक्त जांच दल को आता देख डीईओ हनुमत सिंह चौहान कार्यालय छोड़ कर भाग गये। डीईओ चौहान पर कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार और एससी-एसटी वर्ग के लोगों का शोषण करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गये है। जिसकी शिकायत के बाद गुरुवार को सागर से तीन सदस्यीय जांच टीम डीईओ कार्यालय पहुँची। मगर टीम के पहुंचते ही डीईओ चौहान कार्यालय से नदारद हो गए।

### पूंछताछ कर जांच रिपोर्ट सौंपेंगे शिक्षा विभाग संचालक सागर को

डीईओ हनुमत सिंह चौहान पर लगे गंभीर आरोपों की जांच के लिए सागर से आई टीम में सहायक संचालक मनीषा अलकजेंडर, अनीता कुमार और संभागीय व्यवसायिक समन्वयक शिवेंद्र वंशल शामिल थे। टीम ने कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से बयान लिए और दस्तावेजों की जांच की। सहायक संचालक मनीषा अलकजेंडर ने बताया कि यह शिकायत भारतीय दलित महासंगठन, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव राजीव वर्मा ने दर्ज कराई थी। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शिक्षा संचालक सागर को सौंपी जाएगी।




कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर
क्रमांक/ सतर्कता/ टीकम/ 2025/ 9316 /सागर दिनांक [illegible]
// आदेश //
लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल/ ई/ क-804961 दिनांक 22-9-2025 द्वारा श्री एच.एस.चौहान जिला शिक्षा अधिकारी जिला-टीकमगढ़ के विरुद्ध शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। अतः उल्लेखित बिन्दुओं की जांच हेतु निम्नानुसार दल गठित किया जाता है।
1:- श्रीमति अनीता कुमार, सहायक संचालक कार्यालयीन।
2:- श्रीमति मनीषा अलेक्जेण्डर, सहायक संचालक कार्यालयीन।
3:- श्री शिवेन्द्र बंसल, संभागीय व्या.शि.समन्वयक कार्यालयीन।
उक्तानुसार समिति द्वारा नियमानुसार बिन्दुवार जांच कर जांच प्रतिवेदन 03 दिवस के अन्दर के अभिमत सहित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत किया जावें।
संलग्न-उपरोक्तानुसार

### अब सबकी निगाहें टिकी जांच की असरदार रिपोर्ट आने पर

डीईओ हनुमत सिंह चौहान पर लगे आरोपों को देखते हुए इस बार मामला और ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहा है, क्योंकि आरोप सीधे कर्मचारियों और एससी-एसटी वर्ग के शोषण से जुडा हुआ हैं। अब सबकी निगाहे इस बात पर टिकी है कि शिक्षा विभाग अब इस रिपोर्ट पर आगे की कैसी कार्रवाई करेगा और किस प्रकार की रिपोर्ट बनाइयेगी। जिले भर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जांच का असर डीईओ चौहान की कुर्सी पर पड़ेगा या नहीं।

### पहले भी लग चुके हैं अभद्रता और भ्रष्टाचार के आरोप

डीईओ चौहान ज़ब से जिले में पदस्थ हुए है तब से इनका विवादों से गहरा नाता रहा है। पहले भी साहब आरोपों से घिरे रहे हैं। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने डीईओ हनुमत सिंह चौहान पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लग चुके हैं। इसी आधार पर उन्हें निलंबित किया गया था। बाद में मामला निपटने पर उन्हें जिले का डीईओ नियुक्त किया गया था। लेकिन जिले में भी डीईओ हनुमत सिंह चौहान का विवादों से नाता नहीं टूट पाया। और एक बार पुनः डीईओ हनुमत सिंह चौहान जांच के दायरे में फंस चुके है।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नपा ने निकाली स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को नगरपालिका ने स्वच्छता रैली निकाली। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वछता हमारे रग रग में होना चाहिए। सभी हमारे विदिशा शहर साफ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नपा रोज स्वच्छता अभियान चल रही है। जगह-जगह कार्यक्रम भी कर रही है। इस दौरान नगरपालिका के अधीक्षक यंत्री रमेश वर्मा एवं कर्मचारी एवं शांति निकेतन स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## विधायक मल्होत्रा बोले-गुंडों पर रोक नहीं लगी तो आदिवासियों के साथ बैठूंगा धरने पर

# गांधीगांव में फायरिंग, विधायक के साथ आदिवासियों ने घेरा एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल विकासखंड के भेला भीमलत ग्राम पंचायत के गांधी ग्राम में असामाजिक तत्वों द्वारा बीती रात फायरिंग कर देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचे आदिवासियों ने एसपी कार्यालय का घेराव कर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने उक्त क्षेत्र में गुंडों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर असामाजिक तत्वों का दखल नहीं रुका तो वह आदिवासियों के साथ 1 अक्टूबर से धरने पर बैठ जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कराहल एसडीएम और तहसीलदार से भी फोन लगा कर बात की और असामाजिक तत्वों के द्वारा वहां खड़े किए गए ट्रैक्टरों को जप्त कर राजसात करने की मांग करते हुए ऐसा नहीं होने पर आदिवासियों के साथ धरने पर बैठने की चेतावनी दी।

गुरूवार को जिला मुख्यालय पहुंचे गांधी गांव के आदिवासियों ने एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए उनके गांव में सामाजिक तत्वों द्वारा नशाखोरी और महिलाओं के साथ छेड़खानी करने के गंभीर आरोप लगाए। आदिवासियों ने बताया कि दूसरे गांव से असामाजिक तत्व ट्रैक्टर और दूसरे वाहनों में बैठकर आते हैं और रात में वहां शराब पीकर व दूसरा नशा करते हैं। इस दौरान वह लोग महिलाओं के साथ में छेड़खानी भी करते हैं, उक्त असामाजिक तत्वों के कारण महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। अपनी महिलाओं व युवतियों के साथ सामाजिक तत्वों में से एक युवक को पकड़ लिया था जिसने नाम बताए थे कि वहां कौन-कौन आता है आदिवासियों ने उक्त सामाजिक तत्वों के नाम एसपी को देते हुए कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस कार्रवाई करती उससे पहले ही रात्रि के दौरान उक्त सामाजिक तत्वों ने वहां दहशत फैलाने की गरज से हवाई फायर कर दिए। हवाई फायर होने की सूचना मिलने के बाद आदिवासी गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंच गए जहां विधायक मुकेश मल्होत्रा के साथ उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंप कर असामाजिक तत्वों की आवाजाही गांव में रोकने और उनके द्वारा खड़े किए जाने वाले ट्रैक्टर दूसरे वाहनों को जप्त कर राजसात करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर विधायक मल्होत्रा ने 1 अक्टूबर से धरना देने की चेतावनी दी गई है।



### सीमा में बंधी पुलिस इसलिए नहीं मिली मदद

जिस गांधी गांव में गोलीबारी की घटना होना बताई जा रही है वह गांव कराहल विकासखंड में तो आता है और वनांचल में बसा हुआ है लेकिन यह गांव कराहल पुलिस की सीमा से बाहर है श्योपुर देहात थाने की सीमा में होने के कारण कारण पुलिस यहां पहुंच कर कार्रवाई नहीं कर पाती हैं यही कारण है कि रात को सूचना मिलने के बाद भी पुलिस वहां नहीं पहुंच सकी। इस मामले में एसडीएम ने एसडीओपी श्योपुर को पत्र लिखकर वहां सुरक्षा व्यवस्था चाक चोबंद करने की मांग की है। यह बात एसडीएम ने विधायक मुकेश मल्होत्रा को भी बताई है।

### इसे कहते हैं गेहूं के साथ घुन का पिसना

विधायक मुकेश मल्होत्रा ने फोन लगाकर पहले नायब तहसीलदार गौरस फिर एसडीएम कराहल से बात की और सामाजिक तत्वों द्वारा छोड़े गए ट्रैक्टर इत्यादि को जप्त करने की मांग करते हुए एक अक्टूबर से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी इस दौरान एसडीएम ने उन्हें बताया कि तहसीलदार ने सभी को बाउंडओवर किया है एफआईआर का काम पुलिस का है आप पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाने के बाद ही उन पर कार्रवाई की जाएगी तब विधायक ने कहा कि तहसीलदार ने तो आदिवासियों को भी बाउंडओवर कर दिया है यानी सामाजिक तत्वों का बचाव किया जा रहा हैं अगर असामाजिक तत्वों को बॉन्ड ओवर किया जाता है तो उसका हम स्वागत करेंगे लेकिन उनके साथ आदिवासियों को भी बाउंड ओवर करने का मतलब आदिवासियों के खिलाफ सामाजिक तत्वों को संरक्षण देना है।

### इनका कहना..

गोली चलने की तो नहीं है,लेकिन जमीन को लेकर विवाद होने की खबर जरूर आई है। इस मामले में देहात थाना प्रभारी को मौके पर जाकर स्थिति का पता कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

**राजीव कुमार गुप्ता**
**एसडीओपी,श्योपुर**

## सीएमओ ने एफआईआर के लिए दिए आवेदन को बताया झूठा

# विधायक के साथ पहुंचे पार्षदों ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विधायक बाबू जंडेल एवं कांग्रेस नेताओं के साथ विपक्ष दल के पार्षदों ने कायाकल्प रोड निर्माण को लेकर गुरुवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौपा। साथ ही सीएमओ द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के लिए दिए गए आवेदन को झूठा बताते हुए उस पर कार्रवाई न करने का आग्रह किया है।

गुरूवार को कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे विधायक बाबू जंडेल ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताया कि नगर पालिका कायाकल्प योजना के लिए मिले दो करोड रुपए को निजी कॉलोनी के उपयोग के लिए खर्च कर रही है जबकि इस योजना के तहत नया रोड डाला ही नहीं जा सकता यह केंद्र सरकार की राशि का दुरुपयोग करना है। कायाकल्प से किसी ऐसी सड़क का जीर्णोद्धार किया जाए जो शहर के सौंदर्य करण की मिसाल साबित हो। विधायक ने कलेक्टर को बताया कि सीएमओ मनमानी कर निर्माण करा रहे हैं। जिस पर रोक लगाई जाए। इस दौरान एसपी से मिले विधायक ने उन्हें बताया कि कायाकल्प रोड के दुरुपयोग को रोकने के लिए जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि पार्षद जब मौके पर पहुंचे जो उनका अधिकार है तो सीएमओ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए झूठा आवेदन दे दिया। विधायक ने इस तरह के आवेदन पर किसी तरह की कार्रवाई एफआईआर न करने की मांग की। इस दौरान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपा अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, कांग्रेस पार्षद दल संरक्षक शब्बीर नागौरी, पार्षद सलाउद्दीन वेलिम, सुमेर सिंह, विधायक प्रतिनिधि सिराज दाउदी आदि मौजूद रहे।

# डाबीपुरा में सर्प दंश से बालिका की मौत

### सर्प के डंसने पर परिजन बालिका को अस्पताल ले जाने के बजाए लग गए झांडफूंक कराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम डाबीपुरा में गुरूवार को एक आठ वर्षीय बालिका को तब सर्प ने डस लिया,जब वह हैंडपंप के पास मिट्टी लेने के लिए गई थी। विशेष बात यह है कि जब बालिका को सर्प ने डस लिया तो परिजन बालिका को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाए उसकी झांडफूंक कराने लग गए। इसके बाद अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरो ने बालिका को मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार डावीपुरा निवासी सोवरन कुशवाहा की 8 वर्षीय बालिका अनुष्का गुरूवार की दोपहर करीब 3 बजे घर के पास लगे हैंडपम्प के पास मिट्टी लेने के लिए पहुंची थी, तभी वहां मौजूद साँप ने बालिका को हाथ पर दो बार डस लिया। डसते ही बच्ची दर्द से तड़प उठी और घर की ओर भागी। परिजनों ने देखा तो उसके हाथ में सूजन आ चुकी थी। इसके बाद परिजन उसकी झांडफूंक कराने लग गए। झाडफूंक के दौरान जब बालिका को आराम नहीं दिखा तब परिजन उसे विजयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे,लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने चैकअप के दौरान बालिका को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में मातम परस गया। बताया जा रहा है कि परिजन बालिका को झांडफूंक कराने के बजाए सीधे अस्पताल लेकर पहुंच जाते तो शायद बालिका की जान बच सकती थी।

### इधर भैसों को चारा डालने पहुंची वृद्ध महिला को सांप ने डसा

विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव जोमाकापुरा में बीती रात को एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला को उस समय सांप ने डस लिया,जब वह भैसों को चारा डालने के लिए पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक ग्राम जोमाकापुरा निवासी रामश्रीबाई 70 वर्ष पत्नी मनफूल रावत बुधवार की रात करीब साढे दस बजे जब भैसों को चारा डाल रही थी,तभी उसे पैर में एक सर्प ने डंस लिया,जिसका पता चलने पर परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदली, प्रेमी से मिलने 1000 किमी दूर से श्योपुर पहुंची युवती

### प्रेमी नहीं आया तो युवती पहुंची थाने,पुलिस ने युवती के पिता को बुलाकर किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



जब प्यार का जूनून सवार हो जाए तो फिर दूरियां मायने नहीं रखतीं। कुछ ऐसा ही नजारा गुरूवार को शहर श्योपुर में तब दिखाई दिया,जब इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद प्यार परवान चढ़ा तो मुंबई में रहने वाली एक युवती प्रेमी से मिलने के लिए एक हजार किलोमीटर चलकर श्योपुर पहुंच गई। लेकिन प्रेमी युवक उसे लेने के लिए बस स्टैंड पर नहीं पहुंचा। बस स्टैंड में अकेली बैठी दिखी युवती को पुलिस कोतवाली थाने ले गई,जहां पुलिस ने युवती के पिता को सूचना देकर थाने बुलाया और युवती को पिता के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस के मुताबिक ग्वालियर निवासी एक युवती इन दिनों मुंबई में अपनी मौसी के यहां रहती है। एक साल पहले जब वह अपने मामा के गांव बलावनी में आई थी,तब उसकी मुलाकात मामा के पडोस में रहने वाले एक लडके से हो गई। बाद में इंस्टाग्राम के जरिए हुई इनकी दोस्ती बातों ही बातों में प्यार में बदल गई। प्यार भी इतना परवान चढ गया कि युवती अपने प्रेमी से मिलने के लिए बुधवार की सुबह मुंबई से अकेली ट्रेन में बैठकर कोटा पहुंची और फिर वहां से बस के जरिए श्योपुर बस स्टैंड पर पहुंच गई। जहां उसने प्रेमी युवक को बुलाया तो प्रेमी युवक ने फोन ही नहीं उठाया। काफी देर तक युवती को बस स्टैंड पर अकेला बैठा देखकर किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जिसके बाद पुलिस की डायल 112 बस स्टैंड से युवती को लेकर कोतवाली थाने पहुंच गई। इस मामले में कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि युवती के पिता को सूचना देकर ग्वालियर से श्योपुर बुलवाया गया और फिर युवती को पूछताछ के बाद उसके पिता के सुपुर्द कर दिया।

# युवा वकील का कोर्ट परिसर में अटैक आने से निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



युवा अभिभाषक सफात खान का गुरुवार की शाम करीब 4:00 बजे अटैक आने से निधन हो गया। जिस समय अटैक आया उस समय वह कोर्ट परिसर में अपनी सीट पर बैठे वकालत का काम कर रहे थे। साथी वकील उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एड समीर कुरेशी ने बताया कि टेलीफोन एक्सचेंज के पास रहने वाले युवा अभिभाषक सफात खान रोजाना की तरह अपनी सीट पर बैठकर काम कर रहे थे कि अचानक उन्होंने कमजोरी महसूस की और टेबल पर ही सिर रखकर टिक गए इस दौरान उन्होंने बेहद कमजोरी आने की बात कही तो साथी उन्हें अचेत अवस्था में जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।युवा अभिभाषक की मौत की खबर से पूरे कोर्ट परिसर में सन्नाटा पसर गया।

### एक्सपायरी डेट की कीटनाशक दवाएं पाये जाने पर दुकान सील्ड

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कृषि आदान सामग्री विक्रय करने वाली फर्मो एवं दुकानों के निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा गुरूवार को कीटनाशक का विक्रय करने वाली दुकान मैसर्स- न्यू गणेश ट्रेडिंग कंपनी पाली रोड श्योपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दुकान पर एक्सपायरी डेट की कीटनाशक दवाएं पाये जाने तथा लाईसेंस में वैध पीसी एवं स्टॉक पंजी का संधारण नही पाये जाने से दुकान को सील्ड करने की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान कीटनाशक निरीक्षक पदेन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड श्योपुर शरद रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी विजय सेन एवं नवल सिंह चौबे उपस्थित रहे।



# दबंग ने दलित युवक को बेल्ट से पीटा, एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** बाइको के आपस में टकराने की बात को लेकर एक दलित युवक की नामजद दबंग आरोपी ने जातीय अपमान करते हुए बेल्टो से मारपीट कर दी है। यह घटना गुरूवार की दोपहर शहर के गणेश बाजार की है। कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शहर के वार्ड क्रमांक 2 हरिजन बस्ती निवासी पवन धूलिया पुत्र अशोक धूलिया ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुरूवार की दोपहर को जब वह बाइक से अपने घर आ रहा था,तभी गणेश बाजार में किला निवासी अफरव की बाइक और मेरी बाइक आपस में टकरा गई। लेकिन चोट किसी नहीं आई और न ही बाइक नीचे गिरी। मगर बाइक टकराने की बात पर अफरव ने जातीय अपमान करते हुए गाली गलौच की,जब गाली गलौच से मना किया तो उसने बेल्टो से मारपीट कर दी। इससे पवन धूलिया जख्मी हो गया। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अफरव के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता श्रमदान आयोजित

# जनप्रतिनिधियों के संग कलेक्टर ने भी लगाई झाड़ू, चलाई कुदाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिले भर में उत्साहपूर्वक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जन प्रतिनिधियों व अफसर के साथ मिलकर श्रमदान किया। इस दौरान वे जहां झाड़ लेकर सफाई करते दिखे वहीं मिट्टी खोदने के लिए कुदाल चलाकर पसीना भी बहाते भी दिखाई पड़े। कलेक्टर को स्वच्छता के लिए श्रमदान करते देख अफसर व नेताओं ने भी खूब श्रमदान किया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार की सुबह 8 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष साफ-सफाई की गई तथा घास, झाडियों को हटाया गया। इसके बाद गुप्तेश्वर महादेव परिसर में भी नगरपालिका परिषद के तत्वाधान में एक दिन एक घंटा एक साथ गतिविधि कार्यक्रम के तहत स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रमदानियों द्वारा सीप नदी के तट पर स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई तथा नदी के तट पर स्थित घाट पर मिट्टी का भराव किया गया। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु राठौर, भाजपा के संभाग प्रभारी विजय दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा के जिला प्रभारी राधेश्याम पारिक, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, अशोक गर्ग, रामलखन नापाखेडली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओम राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, मनीष नागौरी, राजू तोमर, खालिद फारूकी, विष्णु पाराशर, जुगल बंसल, दीपचंद रेगर, नरोत्तम जंगम, भूपेन्द्र गर्ग, ओपी सिकरवार, जगदीश यादव, सुरेश जैन, दिनेश दुबोलिया, सरोज तोमर, अकरम खान आदि उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय में हुआ स्वच्छता श्रमदान

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान के तहत जिला अस्पताल में गुरूवार की सुबह 8 बजे से स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल सहित अस्पताल के कर्मचारियों ने परिसर की सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

### अमृत हरित महाअभियान के पौधे लगाए

नगरपालिका परिषद श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित अमृत हरित महाअभियान के तहत श्योपुर स्थित वीर सावरकर स्टेडियम पर वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

## श्योपुर विस से ग्रापं नागदा तो विजयपुर विस से ग्रापं श्यामपुर का वृंदावन ग्राम योजना के तहत चयन

# नागदा और श्यामपुर बनेगा वृंदावन ग्राम, स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक की सुविधाएं होंगी विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत नागदा और जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत श्यामपुर अब वृंदावन ग्राम बनेगी। ऐसा इसलिए कि इन दोनों ग्राम पंचायतों को मप्र शासन की वृंदावन ग्राम योजना के तहत चयनित कर लिया गया है। वृंदावन गांव बनने वाले इन दोनो गांवों में रहने वाले लोगों के लिए शासन की ओर से स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक की सुविधाएं विकसित की जाएगी। यही नहीं, इन दोनो ग्राम पंचायत को विकसित करते हुए इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी शासन की ओर से कवायद की जाएगी। ताकि यहां के लोगों का जीवन स्तर सुधर सके।

यहां बताना होगा कि मप्र की डॉ मोहन यादव सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के तहत एक ग्राम पंचायत का चयन वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित करते हुए उस गांव का समुचित विकास किया जाना है। चूंकि श्योपुर जिले में दो विधानसभा क्षेत्र मौजूद है,इसलिए यहां दो ग्राम पंचायतों का चयन वृंदावन ग्राम के लिए किया गया है। बताया गया है कि श्योपुर विधानसभा क्षेत्र से ग्राम पंचायत नागदा को वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित कर लिया गया है। वहीं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से ग्राम पंचायत श्यामपुर का चयन किया गया है। 30 सितंबर तक चयनित इन दोनों ग्रामों में उपलब्ध संसाधनों का चिन्ह्यांकन किया जाएगा और फिर 30 नवंबर तक योजना के उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम का विस्तृत विजन डाक्यूमेंट तैयार करना है। इसके साथ ही पंचवर्षीय विजन डाक्यूमेंट तैयार करते हुए सभी विभाग अपने-अपने योजनाओं का सैचुरेशन प्लान तैयार करेंगे।




### इन विभागों की योजनाओं से करेंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पशुपालन, स्वास्थ्य ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा स्कूल शिक्षा महिला एवं बाल विकास एवं खाद्य तथा आपूर्ति वन विभाग उद्यानिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग ग्राम पंचायत में सड़क, बिजली,पानी, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं डेयरी एवं इन विभागों से संचालित स्वरोजगार योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा।

### मॉडल पंचायत के रूप में होगा विकास

जिला पंचायत के अधिकारियों की माने तो चयनित ग्राम पंचायत नागदा और श्यामपुर को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां ग्रामीणों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा हो और गांव में ऐसा कोई भी व्यक्ति ना हो जिसे शासन की किसी योजना का लाभ ना मिल रहा हो। इसके लिए जिम्मेदार सभी विभाग ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर कार्य योजना तैयार कर रहे हैं। कार्य योजना पंच वर्षीय प्लान के अनुरूप तैयार की जा रही है। आगामी 5 वर्षों में इन पंचायत में सभी कार्य पूर्ण किए जाने हैं।

### इनका कहना..

जिले की ग्राम पंचायत नागदा और ग्राम पंचायत श्यामपुर को वृंदावन ग्राम योजना के तहत प्रस्तावित किया गया है,दोनों ग्रामो में शासन के निर्देशानुसार सुविधाओं का विस्तार किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

**रूपेश उपाध्याय**
**प्रभारी सीईओ जिपं श्योपुर**

# स्कूलों में पहुंची पुलिस,बच्चों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस की टीमे गुरूवार को एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न स्कूलो में पहुंची,जहां पुलिस अधिकारियों ने अभिमन्यु अभियान के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक किया। श्योपुर के सेंट पयस स्कूल में महिला थाना प्रभारी अनुराधा सिंह और एएसआई रानी तोमर ने पुलिसकर्मियों के साथ स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि सुरक्षित समाज के निर्माण में महिला और पुरूषों की समान भागीदारी होनी चाहिए। उधर बडौदा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि इस अभियान के जरिए पुलिस का मकसद महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा का वातावरण निर्मित करना है।

### ग्रामीणों में पनपा रोषः पुरानी बाउंड्रीवॉल तोड़कर लाखों का खेल, पारदर्शिता पर सवाल

# प्लांटेशन में पुरानी बाउंड्री के पत्थर से नया निर्माण, वन विभाग पर घोटालों के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा वन परिक्षेत्र के खोड़ सब रेंज में वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे 50 हेक्टेयर के प्लांटेशन प्रोजेक्ट ने स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के कर्मचारी पुरानी बाउंड्री, जो खंडों और बोल्डरों से बनी है, को जेसीबी मशीनों से तोड़कर उसी सामग्री से नई बाउंड्री का निर्माण कर रहे हैं, जिससे लाखों रुपये का घोटाला हो रहा है।

यह मामला बपावली बीट के कंपार्टमेंट नंबर पीएफ-1066, खड़ेला-देवीरी का है, जहां वर्तमान में बाउंड्री का निर्माण चल रहा है और इसके बाद पौधे लगाए जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पुरानी बाउंड्री मजबूत थी और इसे तोड़ने की कोई जरूरत नहीं थी, क्योंकि इससे भूमि कटाव का कोई खतरा भी नहीं था। फिर भी, इसे तोड़कर दोबारा बनाना केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के लिए कमीशन का जरिया बन गया है। खोड़ सब रेंज (अ) में पदस्थ कर्ताधर्ताओ पर ग्रामीणों ने मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं।

एक ग्रामीण, रामलाल ने बताया, ह्वहमने देखा कि जेसीबी से पुरानी खंडों-बोल्डरों की बाउंड्री तोड़ी जा रही है और उसी सामग्री से नई बनाई जा रही है। यह सरकारी धन की बर्बादी है।ह्व ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि रेंजर कभी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं आते, और उनके दौरे केवल कागजों पर दर्ज होते हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस प्रोजेक्ट में 25,000 पौधे लगाने का लक्ष्य है,। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब कागजी खानापूर्ति का पर्याय बन गया है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर चेतावनी दी है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो वे वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करेंगे और आंदोलन करेंगे।





### विभाग की मिलीभगत से चल रहा भ्रष्टाचार एवं बिना परमीशन के जेसीबी से हो रहा निर्माण

ग्रामीणों की शिकायतों से साफ है कि करैरा वन परिक्षेत्र का यह प्लांटेशन प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। खोड़ सब रेंज के कर्ताधर्ताओ द्वारा जेसीबी मशीनों को लगाकर और मजदूरी के नाम पर फर्जी बिल बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग होगा । ग्रामीणों ने मौके पर देखा कि पुरानी खंडों-बोल्डरों की बाउंड्री को तोड़कर उसी सामग्री से नई बाउंड्री बनाई जा रही है, जो पहले से ही मजबूत थी।ह्व ग्रामीणों का आरोप है कि 25,000 पौधे लगाने का दावा केवल कागजों तक सीमित है, और चूंकि अभी बाउंड्री का काम चल रहा है, पौधरोपण शुरू नहीं हुआ है। जो पौधे लगाए जाएंगे, वे पुराने प्लांटेशन के होंगे, लेकिन उनकी देखभाल के लिए कोई व्यवस्था नहीं दिखती। खड़ेला-देवीरी के किसानों ने बताया कि प्रोजेक्ट के लिए आवंटित बजट का बड़ा हिस्सा बाउंड्री निर्माण के नाम पर हड़प लिया जायेगा । पत्थरों की खरीद का फर्जी रिकॉर्ड बनाया जायेगा । एक युवा ग्रामीण, मोहन ने कहा, ह्वहमने फोटो लिए हैं, जिनमें साफ दिखता है कि पुरानी बाउंड्री तोड़कर उसी से काम चलाया जा रहा है। रेंजर की अनदेखी के कारण यह सब हो रहा है।ह्व ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि मजदूरों की जगह मशीनों का इस्तेमाल कर स्थानीय रोजगार छीना जा रहा है। यह घोटाला न केवल आर्थिक नुकसान का कारण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को भी कमजोर कर रहा है।

#### निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों की शिकायतें एक बड़े सवाल को जन्म दे रही हैं—क्या वन अधिकारी इस घोटाले से अनजान हैं? करैरा वन परिक्षेत्र के इस प्लांटेशन प्रोजेक्ट में लाखों रुपये का खेल चल रहा है, और ग्रामीणों का मानना है कि बिना ऊपरी स्तर की मिलीभगत के यह संभव नहीं। ग्रामीण लोगो ने डिप्टी रेंजर के साथ रेंजर की अनदेखी पर भी सवाल उठाए हैं, जिनके दौरे केवल कागजों पर होते हैं। एक ग्रामीण नेता, हरि सिंह ने कहा, ह्वहमें न्याय चाहिए। कंपार्टमेंट पीएफ-1066 ह्व की जाँच होनी चाहिये । 50 हेक्टेयर के इस प्रोजेक्ट में पर्यावरण संरक्षण का दावा किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पुरानी खंडों-बोल्डरों की बाउंड्री मजबूत थी और इसे तोड़ने से कोई पर्यावरणीय लाभ नहीं हुआ। एक ग्रामीण ने बताया, ह्वबिना परमिशन के मशीनें चलाना और मजदूरों की जगह जेसीबी का इस्तेमाल करना साफ तौर पर मिलीभगत को दर्शाता है।ह्व ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच शुरू नहीं हुई, तो वे डीएफओ एवं सीसीएफ से शिकायत करेंगे । यह शिकायत वन विभाग में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों को उजागर करती है, जहां पर्यावरण संरक्षण जैसे नेक कार्य भी लूट का माध्यम बन रहे हैं।

प्लांटेशन नहीं वह चारागाह है जिसका पत्थर उपयोग हो रहा होगा, यह नियम में है अगर पत्थर पास में उपलब्ध है तो वही इस्तेमाल कर सकते है । यह आरोप गलत में वहा नहीं गया, में वहा 2 या 4 बार हो आया हूँ

**लक्ष्मण सिंह मीणा,** रेंजर करैरा



### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन

## निजी कंपनियों ने 221 से अधिक युवाओं का किया प्रारंभिक चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी,

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में जिले में प्रत्येक चौथे गुरुवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

**विभिन्न विभागों के 763 स्वरोजगारियों को 3 करोड़ से अधिक का किया गया हित लाभ वितरण**

जिला रोजगार अधिकारी बी एस मीना ने बताया कि आज के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 15 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया, इस दौरान 221 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन उपरांत अतिथियों की उपस्थिति में ऑफर लेटर प्रदान किये गये। विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के 763 स्वरोजगारियों को 3 करोड़ 8 लाख से अधिक का हितलाभ वितरण वितरण किया गया जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन के 20 स्वसहायता समूह के 200 स्वरोजगारियों को 30 लाख और उद्योग विभाग के 15 हितग्राहियों को 95.92 लाख, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 540 हितग्राहियों के 121.0 लाख, विमुक्त जाति के 1 हितग्राही को 1.0 लाख, उद्यानिकी की आई एम एफ एम ई योजना के 7 हितग्राहियों को 60.18 लाख के हितलाभ वितरण कराए गए।

कार्यक्रम के अतिथि भूपेन्द्र रावत अध्यक्ष लघु उद्योग भारती एवं आईटीआई में जनभागीदारी के पूर्व अध्यक्ष ने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि युवा अपने कौशल को बढ़ाए जॉब मिलने में आसानी होती है आज निजी की कई कंपनियां आई है जो अच्छे पैकेज पर काम देने आई है आप इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जा रही उनका भी युवा लाभ उठाए।

गर्ल्स कॉलेज में रक्तदान महादान विषय पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

## मानवता के लिए रक्तदान एक पवित्र दान है यह निःस्वार्थ, निरपेक्ष होता है: डॉ रश्मि जैन

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान एवं स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान महादान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने कहा कि रक्तदान एक पवित्र दान है यह निःस्वार्थ,निरपेक्ष होता है। आज की युवा पीढ़ी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह रक्तदान जैसे महादान में अपना सहयोग करें एवं रक्तदान करने के लिए सर्वप्रथम स्वयं को स्वस्थ रखें।

नियमित पोषण आहार, सूर्योदय के पूर्व उठना एवं नियमित दिनचर्या रखें। कार्यक्रम अधिकारी एवं मुख्य वक्ता डॉ उमा लवानिया ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य का कार्य है और इस पुण्य कार्य महायज्ञ में जीवन रहते अपना दान करते रहना चाहिए। मानवता की सबसे बड़ी सेवा ही रक्तदान है। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाला हमेशा स्वस्थ रहता है। उसके शरीर में आयरन संतुलन, नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण, वजन नियंत्रण, समुदाय एवं समाज से जुड़े एवं सबसे महत्वपूर्ण बात उसे आत्म संतुष्टि होती है। इसलिए आपको रक्तदान करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादन के उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी को घर-घर गांव-गांव जाकर स्वदेशी का अभियान चलाना है। स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों का उपयोग करना है एवं अपने प्रदेश के क्रेता विक्रेता को प्रोत्साहित करना है।

इस प्रकार अपने भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाकर अपना राष्ट्र के प्रति योगदान देकर दायित्व निभाना है। कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि द्विवेदी, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर आशीष गुप्ता, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, अरुण उपाध्याय, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, डॉक्टर दीप माला सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## आठों पहर हो रही मां महाकाली की आराधना, हवन-पूजन संपन्न



**बीना।** गांधी वार्ड स्थित होटल लविंजा के सामने जय मां महाकाली युवा सेवा समिति के द्वारा 15 फीट ऊंची मां महाकाली की प्रतिमा को विराजमान किया गया है। प्रतिदिन हवन पूजन कर मां की आठो पहर आराधना की जा रही है। मां की 2 शयन आरती के साथ चार आरती की जा रही है।

सुबह-शाम 8 बजे रेगुलर आरती के अलावा दोपहर एवं रात 12 बजे मां की शयन आरती की जा रही है। मां के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। समिति सदस्यों ने बताया कि मां का चल समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ 3 अक्टूबर को ग्यारस पर बड़े ही धूमधाम के साथ निकाला जाएगा।

## समाज की प्रगति के लिए लैंगिक समानता और जागरुकता जरूरी: न्यायाधीश सोनी

### कार्यस्थल का सुरक्षित वातावरण महिलाओं की कार्यक्षमता को बढ़ाता है: रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, अनुकूल एवं भेदभाव रहित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में आज होटल मातोश्री शिवपुरी में आंतरिक परिवाद समिति के सदस्यों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 के प्रावधानों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी ने कहा कि लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम का पालन सुनिश्चित करना नालसा एवं सालसा के माध्यम से केन्द्र और राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब परिवारों में समानता की भावना विकसित होगी। संयुक्त परिवार जैसी पारंपरिक अवधारणाओं का क्षरण समाज के लिए चिंता का विषय है, इस पर हमें गहन विचार करना होगा। उन्होंने युवाओं की भटकाव की स्थिति पर अभिभावकों को इको-फ्रेंडली व्यवहार से निगरानी रखने की बात कही और कहा कि केवल कानून बनने से घटनाएं नहीं रुकेंगी, इसके लिए समाज का शिक्षित और जागरूक होना अनिवार्य है।

म.प्र. महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी आज शासकीय एवं अशासकीय दोनों ही क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण है। कार्यस्थल पर यदि महिलाएं सुरक्षित और स्वतंत्र महसूस करेंगी तो समाज और देश की प्रगति की राह और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि परिवार से ही लड़का-लड़की के बीच भेदभाव मिटाना होगा, क्योंकि असमानता की जड़ वहीं से शुरू होती है। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से अधिनियम 2013 के प्रावधानों का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की सचिव श्रीमती रंजना चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण मिलने से महिलाएं अधिक दक्षता से कार्य कर पाती हैं। उन्होंने प्रेरक शब्दों में कहा कि रिश्तों को मोहब्बत से निभाना सीखना चाहिए, क्योंकि कार्यस्थल पर बने रिश्ते भी हमारे जीवन का अहम हिस्सा होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यस्थल पर परिवाद समिति का गठन एवं उसका बोर्ड प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य है।






### गांधी वार्ड बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में किया पौधरोपण

## पूर्व विधायक एवं पार्षद ने खरीदे पत्थर के सिल लुडिया पंडित जी की जयंती पर वोकल फॉर लोकल का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गांधी वार्ड बूथ पर भारतीय जनमानस के पथ प्रदर्शक एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पूर्व विधायक डॉ विनोद पंथी के निवास पर मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों के द्वारा मुनगा का पौधा रोपा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे वोकल फॉर लोकल को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हुए वार्ड में मजदूरों के तैयार किए जा रहे पत्थर के सिल लुडिया, खल्लर मुसर को सभी के द्वारा देखा और मजदूरों के परिवार से चर्चा की। पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी एवं वार्ड पार्षद भारती राय के द्वारा सिल लुडिया, खल्लर मूसर की खरीदी कर नकद भुगतान किया गया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने विकसित भारत के लिए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा, डॉक्टर सुंदर पंथी, महामंत्री आलेख राय, नवीन साहू, वीरेंद्र भदौरिया, राकेश सेन, चीनू कशिव, भूपेंद्र नामदेव, अभिषेक लिटोरिया, मयंक जैन, आशीष वाधवानी, जयसूर्या जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में मनाई गई उपाध्याय की जयंती

## एकात्म मानववाद की प्रेरणा लेकर पंडित जी के बताए आदर्शों पर हम सभी चलें: विधायक सप्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भाजपा नगर मंडल के द्वारा गुरुवार को भारतीय जनमानस के पथ प्रदर्शक एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शहर के प्रत्येक बूथ पर मनाई गई। वहीं मुख्य आयोजन राजीव गांधी वार्ड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित किया गया। सभी भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर उनके विचारों से उपस्थित जनों को अवगत कराया। इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि एकात्म मानववाद की प्रेरणा लेकर पंडित जी के आदर्शों पर हम सभी कार्यकर्ताओं को चलने एवं मानव मात्र के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करना है।

नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता सहित अन्य मानव हित के कार्य किए जा रहे है। गुरुवार को शहर के प्रत्येक बूथ पर जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक विनोद पंथी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर हमें चल कर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। नपा अध्यक्ष लता सकवार ने स्वच्छता का संदेश देते हुए सभी से आग्रह किया कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए न तो कचरा घरों के आसपास फैंके न ही दूसरों को फेंकने दे। जिससे अपना शहर साफ स्वच्छ बन सके। संचालन महामंत्री नंदकिशोर अहिरवार, मंत्री प्रदीप तिवारी ने किया एवं आभार महामंत्री आलेख राय ने माना।

इसमें जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष नीतू राय, सभापति संतोष राय, सभापति जितेंद्र बोहरे, सभापति भारती राय, हरिओम चौबे, नवीन साहू, नगर उपाध्यक्ष मनोज बजाज, राकेश सेन, वीरेंद्र भदौरिया, कृष्णा कुशवाहा, शशि कुशवाहा, अरविंद वरया, मंशा राम सुंदरानी, चीनू कशिव, मनोज अहिरवार, सुरेंद्र राय, विमल अहिरवार, भूपेंद्र नामदेव, अभिषेक लिटोरिया, पंचम विश्वकर्मा, आनंद राजपूत, नवीन साहू, मयंक जैन, आशीष वाधवानी, रोशन रजक, राकेश सुमन, राकेश माली, अभिनय चौबे, रामराज सिंह ठाकुर, जयसूर्या जैन आदि उपस्थित थे।

